दिनांक– 13.01.2026 को सचिव, खान एवं भूतत्व विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में एकीकृत खनन प्रबंधन सूचना प्रणाली (IMMIS) के संबंध में NIC की सम्पूर्ण टीम के साथ समीक्षा बैठक की कार्यवाही।

<u>उपस्थितिः– संलग्न।</u>

समीक्षा के क्रम में सचिव, खान एवं भूतत्व विभाग द्वारा विभाग में NIC द्वारा किये जा रहे कार्यों के संबध में निम्नलिखित निदेश दिये गये–

i. बेल्ट्रॉन के E-Proc की API प्राप्त कर खनन सॉफ्ट से एकीकरण हेतु पूर्व में निदेश दिया गया था। 07 दिनों के अन्दर बेल्ट्रॉन से व्यक्तिगत सम्पर्क कर API प्राप्त करने की कार्रवाई की जाय।

(अनुपालन :– उप सचिव/आई0 टी0 प्रबंधक)

ii. बालूघाटों एवं K-भंडारण अनुज्ञप्ति पर अधिष्ठापित सभी धर्मकाँटा का Geo-fencing अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कराया जाय।

(अनुपालन :– सभी सहायक निदेशक/ख0वि0पदा0)

iii. Geo–Fencing के बांद संबंधित सूचना, SMS एवं E–mail के माध्यम से बंदोबस्तधारी को दी जाए।

(अनुपालन :– NIC)

iv. धर्मकाँटों के Software Installation की प्रक्रिया को सरल बनाया जाय।

(अनुपालन :– NIC)

v. खनन पट्टे के किस्त की राशि के भुगतान की Tracking एवं संबंधित जिले के सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी के Login पर Trigger Auto जेनरेट होने की व्यवस्था खनन पोर्टल पर की जाय। इस संबंध में श्री आनन्द प्रकाश, सहायक निदेशक (मु0) को नियमावली के आधार पर बंदोबस्ती राशि का भुगतान की समय–सारणी का flow chart बनाकर NIC को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन :– NIC)

vi. GPS Device के Tampering वाले मामले में तुरन्त नियमानुसार दंड अधिरोपित करने हेतु संबंधित जिले के Khanansoft पोर्टल Login पर Trigger Auto जेनरेट होने की व्यवस्था किया जाय। इसके अलावा दण्ड का भुगतान होने के पश्चात् भी तीन माह तक चालान निर्गत नहीं होने का प्रावधान पोर्टल में करने के लिए प्रस्ताव गठित करे। सहायक निदेशक (मु0) को नियमावली में दंड के प्रावधान के संबंध में NIC को अवगत कराने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन :– NIC)

vii. खनन पट्टों के निर्धारित किस्त का भुगतान नहीं होने की स्थिति में ई–चालान का निर्गमन Automatic बंद होने की व्यवस्था Khanansoft पोर्टल पर किया जाय तथा भुगतान हो जाने के बाद संबंधित जिले द्वारा पोर्टल पर ही भुगतान का सत्यापन के पश्चात् स्वतः ई–चालान निर्गमन चालू होने की व्यवथा किया जाय।

(अनुपालन :– NIC)

viii. परिवेश पोर्टल के एकीकरण हेतु पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार से पुनः पत्राचार करने एवं निदेशक, खान को संयुक्त सचिव, IA Division से इस संबंध में व्यक्तिगत रूप से संपर्क करने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन :– श्री आनन्द प्रकाश, सहायक निदेशक (मु0))

ix. ऐसे चालान, जिसमें ट्रीप Not Started from source है तो ऐसे चालान को तुरंत Invalid या Disable करने हेतु पूर्व में निदेशित किया गया था। 07 दिनों के अन्दर पोर्टल पर आवश्यक व्यवस्था कर सूचित किया जाए।

(अनुपालन :– NIC)

x. GPS लोकेशन से भिन्न चालान निर्गत होने पर संबंधित लीजधारी पर कार्रवाई हेतु अविलम्ब संबंधित जिले के Login पर Trigger Auto जेनरेट होने की व्यवस्था की जाय।

(अनुपालन :– NIC)

xi. ISTP से संबंधित प्रक्रिया को Ready Mode में रखा जाय, ताकि 2–3 दिनों की सूचना पर इसे लागू किया जा सके।

(अनुपालन :– NIC)

xii. Khanansoft Portal एवं VLTS Portal का सभी मूल दस्तावेज यथा Functional Requirement Specification (FRS) एवं Software Requirement Specification (SRS) सहित अन्य सभी दस्तावेज NIC से प्राप्त करने सुनिश्चित करें।

(अनुपालन :– IT Manager)

xiii. अनुश्रवण कोषांग को VLTS का Login उपलब्ध कराया जाय एवं मुख्यालय स्तरीय पदाधिकारियों के Khanansoft पोर्टल पर Disabled Login को पुनः बहाल किया जाय।

(अनुपालन :– NIC)

xiv. SDC में Technical Infrastructure बढ़ाने के संबंध में समीक्षा कर स्पष्ट प्रस्ताव उपलब्ध कराया जाय। आई0टी0 प्रबंधक को NIC एवं SDC से सम्पर्क स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन :– NIC)

xv. M2M IP Range की उपलब्धता तथा VLT उपकरणों में हो रही समस्याओं के संबंध में निदेशक, खान को NIC एवं परिवहन विभाग के साथ बैठक करने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन :– निदेशक, खान)

xvi. उपरोक्त बिन्दुओं में कोई वैधानिक/तकनीकी कठिनाई होने पर अवगत कराया जाय।

अन्त में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

ह0/–
(दिवेश सेहरा)
सचिव

ज्ञापांकः– ..../एम0, पटना, दिनांक :–...
प्रतिलिपि :– राज्य सूचना विज्ञान पदाधिकारी, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (NIC), बिहार, पटना/बेल्ट्रॉन के प्रतिनिधि को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
सरकार के अवर सचिव

ज्ञापांकः– ....997................................/एम0, पटना, दिनांक :–...06/02/26...............
प्रतिलिपि :– सचिव के प्रधान आप्त सचिव/निदेशक कोषांग/सभी तकनीकी पदाधिकारी (मु0)/आई0टी0 प्रबंधक खान एवं भूतत्व विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(हस्ताक्षर) 6/2/26
सरकार के अवर सचिव